# जमशेदपुर अक्षेस की नई पहल :

# अब वाटर कनेक्शन के लिए होल्डिंग नंबर की जरूरत नहीं

# बिना होल्डिंग नंबर वालों को भी मिलेगा कनेक्शन

- बारीडीह, बिरसानगर, बागुनहातु व बागुननगर के पांच हजार घरों को मिलेगा कनेक्शन

**जमशेदपुर.** बारीडीह, बिरसानगर, बागुनहातु व बागुननगर में बिना होल्डिंग नंबर वाले लोगों को भी बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना का कनेक्शन दिलाने की पहल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति ने की है. जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण ने बताया कि बिना होल्डिंग नंबर वाले लोगों को जलापूर्ति योजना का कनेक्शन देने के लिए टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पुराना नाम जुस्को) को गुरुवार को पत्र देंगे. लगभग पांच हजार लोगों को कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को टाटा लीज से बाहर की हुई बस्तियों को होल्डिंग नंबर प्रदान करने का अधिकार सरकार द्वारा अभी तक नहीं मिला है. जेएनएसी की पहल से जल्द ही बारीडीह, बिरसानगर, बागुनहातु व बागुननगर जलापूर्ति से वंचित लोगों को मोहरदा जलापूर्ति योजना का कनेक्शन मिलेगा. विधायक सरयू राय ने भी इसे लेकर सरकार को पत्र लिखा था.

**मोहरदा जलापूर्ति योजना**

बिना होल्डिंग नंबर वाले लोगों को भी बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना कनेक्शन देने के लिए जुस्को को पत्र देंगे, ताकि उन्हें भी जलापूर्ति का कनेक्शन मिल सके.

**कृष्ण कुमार**, विशेष पदाधिकारी, जेएनएसी